**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 03-10-2025**

- **मण्डलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा दशहरा मेला एवं मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में भ्रमण/पैदल गश्त कर सुरक्षा/यातायात व्यवस्था का लिया गया जायजा।**
- **संबन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 03.10.2025 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री अखिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी बस्ती श्री रवीश कुमार व पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री अभिनंदन के साथ दशहरा मेला एवं मूर्ति विसर्जन/जुम्मे की नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के दक्षिण दरवाजा से मंगल बाजार होते हुए करुआ बाबा मंदिर तक भ्रमण/पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया व मेले और विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने हेतु अपील की गयी। भ्रमण/पैदल गश्त के दौरान शहर की ट्रैफिक डायवर्जन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला पुलिस की मौजूदगी एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री श्यामकान्त , क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी ,थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती श्री महेश सिंह व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**